भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 528**
**दिनांक 06 फरवरी, 2025**

**पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के मूल्य**

†528. श्री शफी परम्बिल:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2015 से विगत दस वर्षों के दौरान पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के मूल्यों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में कमी के बावजूद पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य में वृद्धि के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के मूल्यों को नियंत्रित करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) से (ग): पेट्रोल और डीजल के मूल्य क्रमश: दिनांक 26.06.2010 और 19.10.2024 से बाजार निर्धारित रहे हैं। तभी से सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) पेट्रोल और डीजल के मूल्य निर्धारण के संबंध में उनके अंतरराष्ट्रीय उत्पाद के मूल्यों, विनिमय दर, कर संरचना, अंतर्देशीय माल-भाड़ा और अन्य लागत घटकों के अनुरुप उचित निर्णय लेती हैं।

सरकार और पीएसयू ओएमसीज द्वारा किए गए विभिन्न उपायों के परिणामस्वरूप घरेलू तौर पर पेट्रोल और डीजल के मूल्य कम होकर क्रमश: 94.77 रुपए और 87.67 रुपए प्रति लीटर (दिल्ली मूल्य) हुए हैं। केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर दो बार नवंबर 2021 और मई 2022 में केंद्रीय उत्पाद शुल्क में क्रमश: कुल 13 रुपए/लीटर और 16 रुपए/लीटर की कमी की, जिसका लाभ पूरी तरह से उपभोक्ताओं को दे दिया गया था। कुछ राज्य सरकारों ने भी नागरिकों को राहत देने के लिए राज्य वैट दरें कम कर दी। मार्च, 2024 में, ओएमसीज ने भी पेट्रोल और डीजल, प्रत्येक के खुदरा मूल्यों में 2 रुपये प्रति लीटर की कमी की।

वर्तमान में पीएसयू-ओएससीज ने अंतर-राज्य भाड़े का युक्तिकरण किया है। इसमें राज्यों के भीतर सुदूर भागों में पेट्रोल और डीजल के मूल्यों में कमी के रूप में पेट्रोलियम ऑयल और ल्युब्रिकेंट्स (पीओएल) डिपो से दूर रहने वाले उपभोक्ताओं को लाभ मिला है। इस पहल ने राज्य में पेट्रोल या डीजल के अधिकतम और न्यूनतम खुदरा मूल्यों के बीच का अंतर भी कम कर दिया है।

भारत सरकार ने आम नागरिकों को उच्च अंतरराष्ट्रीय मूल्यों से बचाने के लिए कई अन्य कदम भी उठाए, जिनमें कच्चे तेल की आयात बास्केट में विविधता लाना, घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व के प्रावधानों को लागू करना, पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण बढ़ाना आदि शामिल थे।

वर्ष 2015-16 से दिल्ली में पेट्रोल और डीजल के वार्षिक औसत खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

सरकार ने विभिन्न कदम उठाए हैं जिनमें सीजीडी सेक्टर के सीएनजी (टी) और पीएनजी (डी) क्षेत्रों को घरेलू गैस आवंटन में वृद्धि और सीएनजी (परिवहन) और पीएनजी (घरेलू) क्षेत्रों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए विद्युत और अन्य गैर प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों से घरेलू गैस को विपथित करना शामिल है।

इसके अतिरिक्त सरकार ने ओएनजीसी/ओआईएल के नामांकन क्षेत्रों से उत्पादित गैस, नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) ब्लॉक और पूर्व-एनईएलपी ब्लॉक, जहां उत्पादन हिस्सेदारी संविदा (पीएससी) सरकार के मूल्यों के अनुमोदन का प्रावधान करती है के संबंध में दिनांक 07.04.2023 की राजपत्र अधिसूचना द्वारा संशोधित घरेलू प्राकृतिक गैस के मूल्य निर्धारण से संबंधित दिशानिर्देशों को भी अनुमोदित किया है। ऐसी प्राकृतिक गैस का मूल्य भारतीय क्रूड बॉस्केट की मासिक औसत का 10% होगा और मासिक आधार पर अधिसूचित किया जाएगा। ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा उनके नामांकन ब्लॉकों से उत्पादित गैस के लिए प्रशासित मूल्य व्यवस्था (एपीएम) मूल्य न्यूनतम और अधिकतम मूल्य की शर्त के अध्यधीन होगा। इन सुधारों से परिवारों के लिए पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) और परिवहन के लिए संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) के मूल्य में पर्याप्त कमी हुई है।

यद्यपि, किसी भी स्थल में संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) के मूल्य पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत शहर गैस वितरण (सीजीडी) कंपनी द्वारा अधिप्राप्त गैस की कीमत, राज्य करों, प्रशुल्क और अन्य घटकों पर विचार करने के बाद नियत किए जाते हैं। मई, 2024 से सीएनजी के मूल्य सहित दिल्ली के लिए मूल्य में संशोधन की तारीख का ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

****

अनुलग्नक-I

“पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के मूल्य” के संबंध में श्री शफी परम्बिल द्वारा दिनांक 06.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 528 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

दिल्ली में पेट्रोल और डीजल के वार्षिक औसत खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी)

(रुपए/लीटर)

| वर्ष | पेट्रोल का औसत आरएसपी | डीजल का औसत आरएसपी |
|---|---|---|
| 2015-16 | 61.59 | 47.01 |
| 2016-17 | 64.61 | 53.24 |
| 2017-18 | 69.20 | 58.78 |
| 2018-19 | 75.37 | 68.22 |
| 2019-20 | 72.69 | 65.78 |
| 2020-21 | 80.84 | 73.58 |
| 2021-22 | 98.05 | 87.42 |
| 2022-23 | 97.90 | 90.58 |
| 2023-24 | 96.63 | 89.53 |
| 2024-25 (दिनांक 30.01.2025 तक) | 94.73 | 87.63 |

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

अनुलग्नक-II

"पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के मूल्य" के संबंध में श्री शफी परम्बिल द्वारा दिनांक 06.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 528 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

दिल्ली में सीएनजी की मूल्य

(रुपए/कि.ग्रा.)

| दिनांक से प्रभावी | सीएनजी का मूल्य |
|---|---|
| 02.04.2015 | 37.55 |
| 16.05.2015 | 38 |
| 02.10.2015 | 37.2 |
| 02.04.2016 | 36.6 |
| 02.07.2016 | 36.85 |
| 02.10.2016 | 35.45 |
| 03.12.2016 | 37.3 |
| 17.05.2017 | 37.65 |
| 26.07.2017 | 38.76 |
| 03.10.2017 | 39.71 |
| 02.04.2018 | 40.61 |
| 29.05.2018 | 41.97 |
| 02.09.2018 | 42.6 |
| 01.10.2018 | 44.3 |
| 18.11.2018 | 44.7 |
| 04.04.2019 | 45.7 |
| 03.07.2019 | 46.6 |
| 01.09.2019 | 47.1 |
| 03.10.2019 | 45.2 |
| 03.04.2020 | 42 |
| 02.06.2020 | 43 |
| 10.07.2020 | 43.8 |
| 05.08.2020 | 44.23 |
| 04.10.2020 | 42.7 |
| 02.03.2021 | 43.4 |
| 08.07.2021 | 44.3 |
| 29.08.2021 | 45.2 |
| 02.10.2021 | 47.48 |
| 13.10.2021 | 49.76 |

| दिनांक से प्रभावी | सीएनजी का मूल्य |
|---|---|
| 14.11.2021 | 52.04 |
| 04.12.2021 | 53.04 |
| 12.01.2022 | 53.53 |
| 15.01.2022 | 54.02 |
| 24.01.2022 | 54.51 |
| 29.01.2022 | 55.01 |
| 12.02.2022 | 55.51 |
| 16.02.2022 | 56.01 |
| 19.02.2022 | 56.51 |
| 23.02.2022 | 57.01 |
| 08.03.2022 | 57.51 |
| 12.03.2022 | 58.01 |
| 24.03.2022 | 59.01 |
| 26.03.2022 | 60.01 |
| 01.04.2022 | 60.81 |
| 02.04.2022 | 61.61 |
| 04.04.2022 | 64.11 |
| 06.04.2022 | 66.61 |
| 07.04.2022 | 69.11 |
| 14.04.2022 | 71.61 |
| 15.05.2022 | 73.61 |
| 21.05.2022 | 75.61 |
| 08.10.2022 | 78.61 |
| 17.12.2022 | 79.56 |
| 09.04.2023 | 73.59 |
| 23.08.2023 | 74.59 |
| 14.12.2023 | 76.59 |
| 07.03.2024 | 74.09 |
| 22.06.2024 | 75.09 |

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

***